योगी ने विधानभवन के समक्ष ध्वजारोहण के बाद युवाओं के लिए 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना' शुरू की

यूपी के 10 लाख युवाओं को बैंक ऋण पर मदद

पहल

लखनऊ,विशेष संवाददाता। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानभवन के समक्ष ध्वजारोहण के बाद युवाओं के लिए 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना' प्रारम्भ करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि युवा भारत के विकास की धुरी है। हमारा युवा प्रतिभाशाली है, ऊर्जा से भरपूर है, विकसित भारत के निर्माण के लिए इन युवाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए राज्य सरकार शिक्षा और रोजगार पर विशेष ध्यान दे रही है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत प्रतिवर्ष 1,00,000 युवाओं को बैंकों से ऋण दिला कर वित्तीय अनुदान दिया जाएगा, जिससे प्रतिवर्ष एक लाख सूक्ष्म उद्यम स्थापित हो सकेंगे। जिससे आगामी 10 वर्षों में यूपी के 10 लाख युवा स्वरोजगार से जुड़ सकेंगे। योजना के तहत सरकार नौकरी के बजाए उद्यम के लिए इच्छुक युवाओं को आर्थिक रूप से सहयोग करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, इस योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में 50 लाख से ज्यादा युवाओं के लिए रोजगार के सृजन की संभावना है। अभियान के तहत सामान्य वर्ग के अलावा ओबीसी, महिला, दिव्यांगजन और एससी-एसटी वर्ग के पुरुषों व महिलाओं को उद्यम स्थापित करने पर अनुदान देने का प्रावधान होगा। मार्जिन मनी पर भी सब्सिडी दी जाएगी। युवा उद्यमियों को यथासंभव ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध हो, इसके लिए एक तय अवधि तक ऋण के ब्याज उपादान और बैंकों के जरिये सीजीटीएमएसई कवरेज की सुविधा भी दी जाएगी।

सीएम योगी ने शुक्रवार को बांदा में स्थापित 70 मेगावाट के सोलर पावर प्रोजेक्ट का अपने सरकारी आवास से उद्घाटन किया।

यूपी रिन्यूएबल एनर्जी का बड़ा केंद्र बनेगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हमारी सरकार अयोध्या, प्रयगराज, वाराणसी और गोरखपुर को सोलर सिटी के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में रिन्यूएबल एनर्जी का बड़ा केंद्र बन सकता है। बुंदेलखंड और विंध्य में सौर ऊर्जा के उत्पादन की सबसे अधिक संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास से बांदा में स्थापित हुए 70 मेगावाट के अवाडा सोलर पावर प्रोजेक्ट का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्लांट का उद्घाटन उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्राप्त हुए निवेश प्रस्ताव के धरातल पर उतरने के एक नए अध्याय की शुरुआत है। इसके माध्यम से चार सौ से ज्यादा लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत 25 लाख घरों पर सोलर पैनल स्थापित होने है।

लगातार 8वीं बार ध्वजारोहण करने वाले मुख्यमंत्री बने योगी

- सबसे लंबी अवधि तक मुख्यमंत्री का भी रिकॉर्ड
- योगी लगातार दो बार सीएम चुने गए हैं

लखनऊ,विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 78वें स्वाधीनता दिवस पर गुरुवार को विधानभवन के समक्ष सबसे ज्यादा आठवीं बार ध्वजारोहण करने वाले पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। इसके साथ ही स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात लगातार इतनी लंबी अवधि तक मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड भी उनके नाम दर्ज हो गया है। इनसे पूर्व 17 जुलाई 1937 से 2 नवंबर 1939 तथा एक अप्रैल 1946 से 20 मई 1952 तक दो अवधि में 8 वर्ष 127 दिन तक यूपी का मुख्यमंत्री बने रहने का रिकार्ड पं. गोविंद बल्लभ पंत के नाम है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस उपलब्धि को सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर योगी आदित्यनाथ ऑफिस से पोस्ट किया गया है। अपने पोस्ट में लिखा है कि ''25 करोड़ प्रदेश वासियों के सुख, समृद्धि और सुरक्षा के लिए अविराम साधनारत योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने इस पद पर रहते हुए लगातार 8वीं बार स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण किया है।''

यूपी में पांच वर्ष या उससे ज्यादा समय रहे मुख्यमंत्री

पं. गोविंद वल्लभ पंत	8 वर्ष 127 दिन (स्वतंत्रता और उत्तर प्रदेश के गठन से पहले)
योगी आदित्यनाथ	7 वर्ष 138 दिन (दूसरा कार्यकाल)
मायावती	7 वर्ष 16 दिन (चार कार्यकाल)
मुलायम सिंह यादव	6 वर्ष 274 दिन (तीन कार्यकाल)
डा. संपूर्णानंद	5 वर्ष 345 दिन (दो कार्यकाल)
अखिलेश यादव	5 वर्ष 4 दिन (एक कार्यकाल)